>

Ttile: Need to run trains from Delhi to Kasganj and Etah districts, Uttar Pradesh-laid.

श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) (एटा): मैं माननीय रेल मंत्री जी से अपने संसदीय क्षेत्र एटा (उत्तर प्रदेश) मे स्थित कासगंज और ऐटा जिलों को भारतीय रेल के माध्यम से देश की राजधानी दिल्ली से जोड़ने के लिए अनुरोध करता हूं । मेरा संसदीय क्षेत्र अत्यन्त पिछड़ा है और यहां की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है तथा यहां के ज्यादातर लोग काम और रोज़गार के लिए दिल्ली जाते हैं परन्तु कोई सीधी ट्रेन न होने के कारण लोगों को परिवहन के अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है । इसलिए मैं मांग करता हूं कि कासगंज और ऐटा जिलों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए दिल्ली से कासगंज और ऐटा के बीच रेल लाइन को अति शीघ्र पूरा करके दिल्ली के लिए ट्रेन चलवा करके जनता को सौगात दी जा सके । इन रेल लाइनों के विकास का कार्य कई वर्षों पूर्व स्वीकृत होने के बावजूद अभी तक पूरा नहीं हो सका है।